महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

श्री साईं तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0 कॉलनी,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना 801 503

(वेबसाईट–**www.csbc.bih.nic.in**)

विज्ञापन संख्या–01/2015

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा निबंधन, उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग, बिहार सरकार में उत्पाद सिपाही के पद (831) पर नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन संख्या–01/2015 के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि– 28.08.2015 (शुक्रवार) निर्धारित की गयी है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन–पत्र भरने की अवधि का विस्तार करते हुए अंतिम तिथि– 07.09.2015 (सोमवार) निर्धारित की जाती है । जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपने आवेदन–पत्र को अपलोड नहीं किया है उन्हें सूचित किया जाता है कि वे शीध्रातिशीध्र इस प्रक्रिया को पूर्ण कर लें ।

कई अभ्यर्थियों द्वारा यह सूचित किया गया है कि उनके द्वारा आवेदन–पत्र भरने में त्रुटि हो गई है । यहाँ उल्लेखनीय है कि भरे गये त्रुटिपूर्ण आवेदन–पत्रों में अब किसी प्रकार का सुधार या संशोधन संभव नहीं है । अतः पर्षद द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को अपने त्रुटिपूर्ण भरे गये आवेदन–पत्रों को रद्द करने का विकल्प प्रदान किया जा रहा है ।

आवेदन–पत्र रद्द किये जाने की ऑनलाईन प्रक्रिया पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन–पत्र रद्द किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थियों को रू0 500/– (पाँच सौ) मात्र का ऑनलाईन भुगतान कैन्सिलेशन चार्ज (Cancellation Charges) के रूप में करना होगा । उपरोक्त राशि के अतिरिक्त अभ्यर्थियों से Online Transaction से संबधित प्रोसेसिंग चार्ज (Processing Charges) एवं इस पर सर्विस टैक्स (Service Tax) के रूप में उपयुक्त राशि ली जायेगी । उपरोक्त सभी राशि का भुगतान ऑनलाईन करना होगा ।

आवेदन–पत्र रद्द हो जाने पर अभ्यर्थी यदि चाहें तो अपने पूर्व के मोबाइल नम्बर से भी नया आवेदन–पत्र भर सकते हैं ।

अध्यक्ष
केन्द्रीय चयन पर्षद,
बिहार, पटना ।